

## सेंधवा में चेन स्नेचिंग का खुलासा 1.20 लाख की सोने की चेन बरामद

▸ सीसीटीवी और साइबर सेल की मदद से आरोपी गिरफ्तार

**सेंधवा, (नवभारत)।** शहर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और साइबर सेल की सहायता से चेन स्नेचिंग की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 1.20 लाख रूपए मूल्य की सोने की चेन और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

31 मई 2026 को फरियादी शोबना पति गिरीश लालका निवासी बीएसएनएल टॉवर के सामने पुराना एबी रोड़ सेंधवा ने थाना सेंधवा शहर में शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात बाईक सवार बदमाश उनके गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 172/26, धारा 304(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, एएसपी धीरज बबर एवं एसडीओपी अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शहर दिनेश सिंह कुशवाह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फटेज का विश्लेषण किया। साइबर सेल की सहायता से मोबाइल लोकेशन एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच की गई। तकनीकी जानकारी और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सतवास जिला देवास में घेराबंदी कर आरोपी चंदन सिंह पिता संतोष सिंह निवासी गुरुनानक कॉलोनी सतवास को गिरफ्तार किया। पुछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घटना में लूटी गई लगभग 1.20 लाख रूपए मूल्य की सोने की चेन तथा वारदात में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी गुरमीत उर्फ झींगा पिता बच्चन सिंह, निवासी सतवास जिला देवास की तलाश जारी है और पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

### पुलिस टीम की रही महत्वपूर्ण भूमिका

खुलासे में थाना प्रभारी दिनेश सिंह कुशवाह, उनि तोताराम धारसे, उनि संतोष पाटीदार, सहायक उनि संजय पाटीदार, सहायक उनि मनीष सोलंकी, प्रआर अश्विन शर्मा, आर नीरज डांगरे, आर श्यामगुण मिश्रा, आर विशाल पाटिल, आर गणेश चौहान तथा आर रेवाराम अछाले की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साइबर सेल से उनि रितेश खत्री, प्रआर योगेश पाटिल एवं आर योगेश चौहान ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। वहीं थाना सतवास जिला देवास से प्रआर विजय, प्रआर रविराज जाधव, आर राजकुमार एवं आर जयदेव ने कार्रवाई में सहयोग किया।

## आईटीआई पानसेमल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**बड़वानी।** शासकीय आईटीआई पानसेमल में भी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसमें अभ्यर्थी 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। प्राचार्य इसराम निगवाली ने बताया कि 8वीं एवं 10वीं कक्ष उत्तीर्ण विद्यार्थी अपनी पात्रता के अनुवार विभिन्न ट्रेडो में आवेदन कर सकते हैं।

इस वर्ष हिन्दी स्टेनोग्राफर ट्रेड में 24 सीटे एवं सोलर टेक्निशियन में 20 सीटे, इलेक्ट्रिशियन में 20 सीटे, कोपा में 24 सीटे, वेल्डर एवं फीटर में 20-20 सीटे है। अधिकारी जानकारी के लिए आईटीआई पानसेमल से संपर्क किया जा सकता है।

## भीषण गर्मी में राहत दे रहे नपा के प्याऊ

**बड़वानी, (नवभारत)।** शहर में बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए नगरपालिका परिषद ने नागरिकों और आगंतुकों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। शहर के प्रमुख एवं व्यस्त क्षेत्रों में आमजनों को शुद्ध और शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 22 स्थानों पर राजन शेड के साथ प्याऊ स्थापित किए गए हैं। इन प्याऊ से नागरिकों को सहज और नि:शुल्क पेयजल उपलब्ध हो रहा है। साथ ही शहर के प्रमुख 5 स्थानों पर वाटर एटीएम भी लगाए गए हैं।






शहर के श्रीराम चौक और रणजीत चौक पर पहली बार आधुनिक मिस्ट कूलिंग सिस्टम प्रारंभ किया है। इस प्रणाली से सूक्ष्म जल कणों की फुहारों का छिड़काव कर आसपास के वातावरण को ठंडा रखा जा रहा है। इससे राहगीरों, वाहन चालकों और आम नागरिकों को गर्मी से बड़ी राहत मिल रही है। शहर की सुंदरता और शीतल वातावरण के लिए कारंजा चौराहा और रणजीत चौक स्थित फव्वारों को भी फिर से शुरू कर दिया है। नागरिकों को आकर्षक और सुखद वातावरण मिल रहा है।

नपा ने इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण व हरियाली बढ़ाने के लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। विगत वर्ष जहां 10000 पौधे लगाने का लक्ष्य था, वहीं इस साल इसे साढ़े 3 गुना बढ़ाकर 35000 कर दिया है। 1 से 30 जून तक आयोजित होने वाले श्लोक कल्याण मेले अंतर्गत इस वृहद पौधरोपण अभियान को गति दी जाएगी। नपा के तहत आने वाली सभी कॉलोनियों के हैंडओवर उद्यानों में ये पौधे रोपे जाएंगे। इसके अतिरिक्त, आशाग्राम पहाड़ी और वैष्णोदेवी मंदिर के पास स्थित पहाड़ियों पर जहां हाल ही में कंटूर अभियान के तहत गड्ढे खोदे गए थे, वहां भी बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। इस अभियान के लिए बजट के बजाय निकाय निधि का उपयोग किया जा रहा है।

### बड़े पैमाने पर किया जा रहा है पौधारोपण

नपा नागरिकों की सुविधा व जनकल्याण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। भविष्य में जनहित से जुड़े ऐसे नवाचार व सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती रहेंगी। पर्यावरण सुधार और तापमान को नियंत्रित करने रोटरी और प्रमुख मार्गों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण भी किया जा रहा है।

**सोनाली शर्मा, सीएमओ नपा बड़वानी**

भविष्य में नगर वन और मियावाकी पद्धति से सघन वन बनाने की योजना है। सीएमओ सोनाली शर्मा ने कहा कि जनहित के नवाचार जारी रहेंगे।

## अवैध नलकूप खनन पर कार्रवाई

▸ दो बोरवेल गाड़ियां जब्त कर थाना सेंधवा को सुपुर्द किया

**निवाली (नवभारत)।** शासन के निर्देशानुसार अवैध जलदोहन व बिना अनुमति नलकूप खनन के खिलाफ प्रशासन द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम बोरली में अवैध नलकूप खनन की शिकायत पर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की।



नायब तहसीलदार अर्चना गिरवाल द्वारा सुबह 9 बजे मौके पर पहुंच औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान बोरली के बालू पिता हरसिंह भाबर निवासी भाबरिया फलिया की निजी भूमि पर अवैध रूप से नलकूप खनन कार्य करते हुए पाया गया। मौके पर मौजूद बोरवेल गाड़ी क्रं. जीजे 03 सीएल 9090 एवं जीजे 03 ईए 9638 के चालकों रमेश पिता रुखडिया एवं तुकाराम पिता गुल सिंह से जब नलकूप खनन से संबंधित वैध अनुमति व दस्तावेज मांगे, तो कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। वैध परमिशन न होने से दोनों बोरवेल गाड़ियों को तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया। वाहनों को सुरक्षित अभिरक्षा हेतु ग्रामीण थाना सेंधवा के सुपुर्द कर दिया है। इस अवैध कृत्य को लेकर भूमि स्वामी एवं संबंधितों के विरुद्ध आगामी वैधानिक कार्रवाई का प्रतिवेदन तैयार कर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पानसेमल की ओर उचित अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित

## साईकिल प्रेमियों ने निकाली रैली

**पानसेमल, (नवभारत)।** नगर में विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली के आयोजन लगातार 6 वर्षों से जारी है। बुधवार साइकिल प्रेमियों द्वारा नगर परिषद के निकट हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरूआत की। जिसके बाद बृजधाम कॉलोनी में समापन हुआ।




नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारकर ने बताया कि वर्तमान समय में साइकिल चलाना सबसे अच्छा व्यायाम है। साइकिल चलाने से हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा कि हम अपने छोटे-छोटे कामों के लिए बाजार जाते हैं, तो हम साइकिल का उपयोग कर सकते हैं। आज की स्थिति को देखते हुए हमें ईंधन की बचत करना चाहिए तथा अनावश्यक रूप से खर्चों में कमी करना चाहिए। इससे आर्थिक रूप से भी बचत होती हैं। सुभाषराव शितोले ने बताया कि प्रथम वर्ष से लगातार साइकिल प्रेमियों की संख्या बढ़ रही है। सभी को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए।

### हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

नगर पंचायत अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजय मिश्रा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी ने साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली में शैलेश भंडारकर, अजय मिश्रा, देवदास जाधव, सुभाष राव शितोले, बाबूलाल मौर्य, डॉ राज सेनानी, डॉ सागर दुबे, डॉ जितेंद्र बोरसे, अशोक पवार, बाबूलाल मोरे, राजेंद्र माली, विशाल गुप्ता, अनिल शर्मा, अमोल बडगूजर, राकेश राठौर, प्रवीण जगदाले, गिरीश पाटिल, कल्पेश पाटिल, कांतिलाल इंगले, दुर्गेश पाटिल, मोहित पाटील, गौरव चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।



## आबकारी विभाग ने पकड़ी 13 पेटी अवैध शराब

**पेटलावद।** जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम के लिए कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट और उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता इंदौर संभाग इंदौर इंदरसिंह जामोद द्वारा सतत कार्रवाई के दिए निर्देशों के परिपालन में मदिरा संग्रहण, परिवहन, चैर्यनयन और विक्रय के विरूद्ध जिला आबकारी अधिकारी झाबुआ बसंती भूरिया के निर्देशन में कार्रवाई की गई।

मुखबिर की सूचना पर ग्राम रायपुरिया में मुखबिर द्वारा बताए स्थान में पहुंच कर मकान की विधिवत तलाशी लेने पर विदेशी मदिरा लेमाउण्ट कैन बीयर 12 पेटी, देशी मदिरा प्लेन 01 पेटी कुल 13 पेटी (153 बल्क लीटर) विधिवत जब्त कर कब्जे आबकारी लेकर मौके से फरार आरोपी अमरसिंह पिता गलिया डामोर, निवासी तलावपाड़ा रायपुरिया के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1)(क), 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जप्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य राशि 44120 रूपये होना पाया। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी सोनाली बेंजामिन के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक योगेश कुमार दामा द्वारा की गई व आबकारी स्टाफ आबकारी उपनिरीक्षक प्रेमसिंह परमार, प्रधान आरक्षक कांतु डामोर, आबकारी आरक्षक कुंवरसिंह डावर, पंकज डोडियार, वाहन चालक दयाल मड़ोदिया का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## रूपगढ़ में सिर्वी महासभा महिला संगठन की ग्राम इकाई का गठन

**पेटलावद। अखिल भारतीय सिर्वी महासभा, मध्यप्रदेश महिला संगठन के तत्वावधान में ग्राम रूपगढ़ महिला ग्रामीण इकाई का गठन किया गया। यह गठन प्रांतीय महिला अध्यक्ष ललिता शैलेष पंवार, प्रांतीय महिला महासचिव उमा लक्ष्मण काग एवं जिला महिला अध्यक्ष कविता परमार के मार्गदर्शन तथा अखिल भारतीय सिर्वी महासभा मध्यप्रदेश केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल सोलंकी की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ।**

ग्राम रूपगढ़ स्थित श्री आईमाताजी मंदिर परिसर में जिला महिला इकाई जिलाध्यक्ष कविता परमार के नेतृत्व में ग्राम इकाई महिला मंडल का गठन किया गया। बैठक में समाज की महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। संगठन की मजबूती, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक एवं सांस्कृतिक




गतिविधियों में सहभागिता तथा समाज हित के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके पश्चात सर्वसम्मति से ग्राम इकाई के पदाधिकारियों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों का मनोनयन किया गया। ग्राम इकाई पदाधिकारी अध्यक्ष वालीबाई शांतिलाल हामड़, उपाध्यक्ष ज्योति राधेश्याम परमार, सचिव अन्नपूर्णा भगीरथ गेहलोत, सहसचिव कोमल भावेश काग, कोषाध्यक्ष सविता पुष्पेंद्र राठौर, कार्यकारिणी सदस्य पूजा अंकित गेहलोत, कार्यकारिणी सदस्य सविता चन्दन चौधरी, प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं प्रभारी सांस्कृतिक उत्सव प्रकोष्ठ अध्यक्ष पूजा हेमेंद्र गेहलोत, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनीता अनिल पटेल, विद्यार्थी प्रकोष्ठ अध्यक्ष विद्या प्रेमलाल चौधरी, खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोना नीलेश चौधरी, कृषि प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनीता प्रवीण चोयल, धार्मिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सीमा सुरेश सेप्टा, मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी कोमल प्रकाश चोयल, सूचना एवं प्रसारण प्रकोष्ठ प्रभारी आरती प्रफुल्ल परमार, विशेष आमंत्रित सदस्य रेखा राजेंद्र काग नवनियुक्त पदाधिकारियों और प्रकोष्ठ अध्यक्षों ने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने, महिलाओं को संगठित करने तथा समाजहित एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महिला वर्ग से जिलाध्यक्ष गुड्डी गोपाल मुलेवा, तहसील अध्यक्ष प्यारी पटेल, मधुबाला मुलेवा तथा पुरुष वर्ग से ग्राम इकाई अध्यक्ष गोपाल राठौर, प्रेमलालजी चौधरी, गोपाल सोलंकी, कन्हैयालाल परमार, चैनसिंह राठौर, प्रकाश पटेल सहित समाज की बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे। समापन समाज की एकजुटता, संगठन की मजबूती और सामाजिक विकास के संकल्प के साथ हुआ।

## जनहित के मुद्दों को लेकर कलेक्टर कार्यालय का करेंगे घेराव, युवा कांग्रेस का आंदोलन 7 को

▸ युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु के आगमन की तैयारियां तेज

**आलीराजपुर।** देश में बढ़ती बेरोजगारी, बेलगाम महंगाई, व्यापक भ्रष्टाचार, पेपर लीक और किसानों की समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस 7 जून को जिला मुख्यालय पर बड़ा शक्ति प्रदर्शन करेगी। इस आंदोलन में युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिंब विशेष रूप से शामिल होंगे। युवा कांग्रेस द्वारा जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जिसमें जिले और आसपास के शहरों से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के शामिल होंगे।



राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश नेताओं के आगमन और प्रस्तावित आंदोलन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को स्थानीय पटेल फार्म हाउस पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मप्र आदिवासी विकास परिषद के उपाध्यक्ष महेश पटेल, विधायक सेना पटेल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष तरुण मंडलोई सहित जिलेभर के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए आदिवासी विकास परिषद उपाध्यक्ष महेश पटेल और विधायक सेना पटेल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों से युवा, किसान और आमजन परेशान हैं। रोजगार के अवसर लगातार कम हो रहे हैं, महंगाई चरम पर है और प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं ने युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। ऐसे मुद्दों को लेकर युवा कांग्रेस सड़क पर उतरकर जनता की आवाज बुलंद करेगी। बैठक में जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज पटेल ने 7 जून के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान करते हुए अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन युवाओं के अधिकारों और जनहित के मुद्दों की लड़ाई का मजबूत मंच बनेगा।

**एक नजर में** ▸ कृषि से संस्कृति तक ब्रिक्स देशो के प्रतिनिधियों के कदमों से गुलजार होगा मांडू, कलेक्टर एसपी ने देखी व्यवस्था

## जी-20 के बाद ब्रिक्स प्रतिनिधि देखेंगे मांडू के जहाज महल का जलवा

**मांडू। जी-20 समूह के दो बार शानदार स्वागत के बाद ऐतिहासिक नगरी मांडू अब विश्व के शक्तिशाली ब्रिक्स समूह के स्वागत के लिए तैयार हैं। कृषि से संस्कृति तक ब्रिक्स प्रतिनिधियों के कदमों से मांडू गुलजार होगा। ऐतिहासिक जहाज महल का भ्रमण कर अतिथि मांडू के प्राचीन वैभव से रूबरू होंगे.बुधवार को कलेक्टर राजीव रंजन मीणा एवं पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ऐतिहासिक जहाज महल का दौरा कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।**

बीते सालों में ऐतिहासिक पर्यटन नगरी मांडू को जी-20 की दो अगवानी का मौका मिला। इसके पूर्व अप्रवासी भारतीय सम्मेलन के साथ देश-विदेश की कई बड़ी हस्तियां और समूहों की अगवानी मांडू कर चुका है और अब आने वाले 12 जून को वृक्ष देश के प्रतिनिधि यहां पहुंचने वाले हैं। कृषि क्षमता के साथ मांडू पहुंचकर वृक्ष देश



के मेहमान हमारी पर्यटन क्षमता से भी रूबरू होंगे। जानकारी के अनुसार ब्रिक्स समूह में शामिल ब्राजील, भारत, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र, इथोपिया, ईरान, सऊदी अरब, यूएई, इंडोनेशिया, मलेशिया, युगांडा, नाइजीरिया, थाईलैंड, कोलंबिया के प्रतिनिधि मेहमान मांडू पहुंचेंगे। इसमें इन देशों के कृषि मंत्रियों के साथ वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी प्रतिनिधि शामिल है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ब्रिक्स समूह के मेहमान 12 जून को मांडू पहुंचेंगे यहां ऐतिहासिक जहाज महल, हिंडोला महल, शाही परिसर, चंपा बावड़ी आदि ऐतिहासिक स्मारकों का भ्रमण कर शाम को जहाज महल परिसर में होने वाले साउंड एंड लाइट शो के माध्यम से मांडू के सदियों पुराने इतिहास से रूबरू होंगे। रात्रि भोज मांडू में ही होगा। इस मौके पर अतिथियों के सत्कार के लिए यहां सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे जिसके माध्यम से अतिथि भ्रमण का और भी आनंद उठा पाएंगे।

### शक्तिशाली समूह है ब्रिक्स

आपको बता दें ब्रिक्स समूह दुनिया का शक्तिशाली समूह है। इसमें शामिल देशो में विश्व की कुल 45 प्रतिशत आबादी निवास करती है। वैश्विक जीडीपी का 35 प्रतिशत हिस्सेदारी है। विश्व के 45 प्रतिशत अनाज उत्पादक और 68 प्रतिशत किसान देश का हिस्सा है। खाद्य सुरक्षा पर इनका फैसला पूरी दुनिया को प्रभावित करता है। भारत के लिए रणनीति मंच, कृषि और खाद्य सुरक्षा, व्यापार, निवेश और ग्लोबल लीडरशिप के नजरिया से यह मंच महत्वपूर्ण है।

**अतिथि सत्कार के साथ सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश-** कलेक्टर राजीव रंजन मीणा, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक चौधरी के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी मांडू पहुंचे। कलेक्टर एवं एसपी ने आगामी ब्रिक्स समूह के मांडू भ्रमण को लेकर जहाज महल का भ्रमण किया उसके बाद अधिकारियों की बैठक में विदेशी मेहमानों की सुरक्षा उनके दौरे से जुड़ी व्यवस्थाओं के साथ स्वागत और सत्कार को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समय सीमा में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।